तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

4

खेत में पहुंचकर कलेक्टर ने देखा डिजिटल क्रॉप सर्वे का काम








## एक शावक के लिए पूजा, दूसरे की मौत से मातमः जंगल से निकली दो तस्वीरें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले के जंगल से हाथी शावकों को लेकर एक ही दिन में दो ऐसी तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें एक तरफ खुशी और मंगलकामना है, तो दूसरी तरफ मौत का मातम। धरमजयगढ़ वनमंडल में गणेश चतुर्थी के दिन जन्मे नन्हे गजराज की ग्रामवासियों ने अपने बच्चे की तरह छठ्ठी मनाई। जंगल की सीमा पर ग्रामीण जुटे, पूजा-अर्चना की और शावक के स्वस्थ, सुरक्षित और दीर्घायु जीवन की कामना की, लेकिन इसी बीच तमनार वन परिक्षेत्र के छैडोरिया गांव के पास एक तालाब में करीब एक माह की मादा हाथी शावक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम कराया। प्रारंभिक जांच में डूबने की आशंका सामने आई है, जबकि पोस्टमार्टम के दौरान शावक के आंतरिक अंगों में डायरिया के लक्षण भी मिले हैं। मौत की असली वजह स्पष्ट करने के लिए सैंपल बरेली स्थित भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान भेजे गए हैं। अब रिपोर्ट का इंतजार है, जिसके बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

तमनार के छैडोरिया गांव में बुधवार सुबह ग्रामीणों ने तालाब में हाथी के बच्चे का शव देखा। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम कराया। प्रारंभिक जांच में शावक की मौत तालाब में डूबने से होने की आशंका जताई गई है। हालांकि पोस्टमार्टम के दौरान उसके आंतरिक अंगों में डायरिया के लक्षण भी मिले हैं। वन विभाग ने मौत की वास्तविक वजह जानने के लिए सैंपल बरेली स्थित भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान भेजे हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। रायगढ़ वन मंडल के घरघोड़ा एसडीओ आशुतोष मंडावा ने बताया कि शावक की मौत के वास्तविक कारण की पुष्टि जांच रिपोर्ट के बाद होगी। वही इस संबंध में डीएफओ रायगढ़ अरविंद पीएम के अनुसार मृत शावक करीब एक माह की मादा थी और लगातार हाथियों के दल के साथ इसी क्षेत्र में विचरण कर रही थी। क्षेत्र में करीब 51 हाथियों का दल मौजूद था। वन विभाग अब आसपास हाथियों की गतिविधियों पर भी नजर रख रहा है। वहीं, धरमजयगढ़ वन मंडल के बाकारुमा रेंज के ससकोबा परिसर में गणेश चतुर्थी के दिन जन्मे हाथी शावक की ग्रामीणों ने मंगलवार को छठ्ठी मनाई। गनपतपुर और ससकोबा के बीच पुल के पास जंगल की सीमा पर ग्रामीण जुटे और पूजा-अर्चना कर शावक के स्वस्थ, सुरक्षित और दीर्घायु जीवन की कामना की। ग्रामीणों ने भोजन भी तैयार किया। बताया गया कि करीब 31 हाथियों का दल क्षेत्र में विचरण कर रहा है और नवजात शावक भी उसी दल के साथ है। एक ही दिन सामने आईं ये दोनों तस्वीरें हाथियों के प्रति ग्रामीणों के लगाव और उनके संरक्षण की चुनौती, दोनों को सामने लाती हैं।

### खबर संक्षेप

#### जमीन बंटवारे को लेकर पिता से विवाद

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कोसीर थाना क्षेत्र के ग्राम बरदुला में जमीन के बंटवारे को लेकर पिता-पुत्र के बीच विवाद का मामला सामने आया है। 70 वर्षीय रामदयाल बरेठ ने अपने बेटे मोहन लाल बरेठ के खिलाफ गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने और घर में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाने की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस को दिए आवेदन के अनुसार, घटना 27 सितंबर 2026 की रात करीब 9 से 9:30 बजे की बताई गई है।
रामदयाल बरेठ का आरोप है कि उनका बेटा मोहन लाल उनके घर के पास पहुंचा और जमीन का बंटवारा नहीं देने की बात कहते हुए गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर कथित तौर पर जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायतकर्ता के मुताबिक, विवाद के दौरान मोहन लाल ने गैती से उनके घर के खपरा, छाए-परछी, दीवार और जाली वाले लोहे के शटर में वार कर नुकसान पहुंचाया। रामदयाल ने नुकसान की अनुमानित कीमत करीब 7 हजार रुपये बताई है। रामदयाल ने पुलिस को बताया कि घटना के दौरान उनका बेटा जोहन बरेठ और पत्नी हीराबाई भी मौके पर मौजूद थे, जिन्होंने घटना को देखा और सुना। शिकायत के आधार पर कोसीर पुलिस ने धारा 296, 351(3) और 324(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

#### युवक ने ढाबा मैनेजर के सिर पर किया वार

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** डोंगरीपाली थाना क्षेत्र के ग्राम भराली स्थित प्रधान ढाबा में किचन में प्रवेश करने से रोकने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि एक युवक ने ढाबा मैनेजर के साथ गाली-गलौज करते हुए रोटी पलटने वाले लोहे के पतिया से उसके सिर पर हमला कर दिया। घटना में मैनेजर के सिर से खून निकलने लगा। मामले में पीड़ित ने डोंगरीपाली थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में रंगाडीह निवासी नवीन मलिक 26 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह भराली के प्रधान ढाबा में मैनेजर के रूप में काम करता है। बीते 26 सितंबर की दोपहर करीब 2 बजे ढाबा का मालिक वहां मौजूद नहीं था। इसी दौरान ग्राम कोकबहाल निवासी राहुल नायक खाना खाने के लिए ढाबा पहुंचा। राहुल किचन में जाने का प्रयास करने लगा। उसने उसे कई बार किचन में जाने से मना किया, लेकिन वह नहीं माना। इसी बात को लेकर कथित तौर पर राहुल ने नवीन के साथ मां-बहन की गालियां दीं और पास में रखा रोटी पलटने वाला पतिया उठाकर पीछे से उसके सिर पर वार कर दिया।

### 15 दिनों में 10 से अधिक यात्रियों के मोबाइल, पर्स पार

## हर दूसरे दिन यात्री हो रहे चोरी के शिकार स्टेशन में सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



रेलवे स्टेशन पर इन दिनों यात्रियों के सामान की सुरक्षा पूरी तरह से भगवान भरोसे हो चली है। सूत्र बता रहे हैं कि बीते करीब 15 दिनों के भीतर 10 से अधिक यात्रियों के मोबाइल, पर्स और बैग चोरी होने की जानकारी सामने आई है। हालात यह हैं कि स्टेशन पर यात्रियों के चोरी का शिकार होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इसके बावजूद अब तक इन मामलों को ना तो गंभीरता से लिया गया है और ना ही इस आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर कदम उठाए गए हैं।

गौरतलब है कि बीते करीब दो वर्षों से रेलवे स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत निर्माण और विकास कार्य चल रहा है। इसी वजह से द्वितीय और तृतीय श्रेणी के यात्रियों के लिए बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई है। प्रतीक्षालय के आसपास मौजूद कुछ दुकानें फिलहाल खाली हैं। पहले इन स्थानों पर रेस्टोरेंट संचालित होता था, लेकिन अब दुकानों के शटर यात्रियों के आवागमन के लिए खुले रखे गए हैं। मुख्य बात यह है कि इसी खुले रास्ते का फायदा उठाकर बाहरी और असामाजिक तत्व स्टेशन परिसर में प्रवेश कर रहे हैं। बता दें कि बीते 17 सितंबर की शाम करीब 6:30 बजे प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर एक यात्री के साथ मोबाइल झपटमारी की घटना हुई थी। कलेक्टर बंगला क्षेत्र में रहने वाला वैभव निषाद टिटलागढ़ पैसेंजर ट्रेन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति उसके पास पहुंचा और उसके हाथ से मोबाइल झपटकर भागने लगा। जब वैभव ने आरोपी को पकड़ने और मोबाइल वापस लेने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने उसे धक्का देकर गिरा दिया और मोबाइल लेकर फरार हो गया। मामले की शिकायत भी पीड़ित द्वारा दर्ज जीआरपी थाने में दर्ज कराई है। किंतु अब तक इस मामले का आरोपी गिरफ्त से बाहर है।

#### नींद खुली तो बैग, मोबाइल और पर्स गायब

एक अन्य घटना में हावड़ा जाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचे शब्बीर खान यात्री प्रतीक्षालय में ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। इंतजार के दौरान उन्हें नींद आ गई। कुछ समय बाद जब उनकी आंख खुली तो उनका बैग, मोबाइल और पर्स गायब था। शब्बीर के मुताबिक उसने मामले की शिकायत करने के लिए जीआरपी थाना जाने का प्रयास किया, लेकिन उनकी शिकायत नहीं सुनी गई। इसके बाद उसे मजबूरी में बिना टिकट ट्रेन से हावड़ा रवाना होना पड़ा।

#### जमीन के हिस्से के विवाद में भिड़े रिश्तेदार, पुलिस ने दर्ज किया काउंटर केस

**रायगढ़।** खरसिया चौकी क्षेत्र के ग्राम रतन महका में आंट तोड़ने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से मारपीट के आरोप लगाए गए। मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों पर अलग-अलग धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष की शिकायत के अनुसार, पालेश्वर राठौर (26) 28 सितंबर को दोपहर करीब 2:30 बजे अपने घर के बाहर स्थित आंट को तोड़ रहा था। इसी दौरान उसकी रिश्ते की चाची शारदा राठौर वहां पहुंचीं और आंट को उसका हक नहीं बताते हुए कथित तौर पर गाली-गलौज करने लगीं। पालेश्वर की पत्नी लक्ष्मी बीच-बचाव करने पहुंची तो उसके साथ भी गाली-गलौज होने की बात कही गई है। पालेश्वर का आरोप है कि विवाद के दौरान शारदा के पति कौशल राठौर और उनके बेटे कुलदीप राठौर भी मौके पर पहुंचे।

## रेंजर सहित वन अमला पहुंचा पुसौर के प्रभावित गांव, ग्रामीणों से चर्चा कर जानी वस्तुस्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पुसौर के करीब एक दर्जन गांवों में जंगली सुअर जमकर उत्पात मचा रहे हैं। लगातार ग्रामीण व किसानों की समस्याओं को देखते हुए बुधवार की सुबह रायगढ वन परिक्षेत्राधिकारी सहित वन अमला मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों से चर्चा की। इस दौरान उन्हें पता चला कि एक महिला पर जंगली सुअरों ने हमला भी किया था, जिसमें वह घायल हो गई थी।

इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी संजय लकड़ा ने बताया कि बीते कुछ महिनों से पुसौर के इन गांवों में एक से दो की तादात में जंगली सुअरों की आवाजाही बनी हुई है। पहले इनकी संख्या कम थी, लेकिन बढ़ गई है। चुंकि जंगली सुअर अक्सर झुंड में ही रहते हैं, ऐसे में खतरा महसूस होने पर यह किसी भी आक्रामक होकर हमला कर देते हैं। मुख्य बात यह है कि इस क्षेत्र में उनके भोजन के लिए पर्याप्त फसल व खाद्य पदार्थ होने की वजह से वे लगातार गांव की ओर आ रहे हैं और फसल सहित जान माल का नुकसान कर रहे हैं। इसी कड़ी में वन अमला बुधवार की सुबह प्रभावित गांव कर्राजोर पहुंचा, जहां ग्रामीणों से चर्चा करते हुए वस्तु स्थिति की जानकारी एकत्र की गई। फिलहाल वन अमले ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए खेतों की जाते समय सावधानी बरतने की अपील की है। इस परिस्थिति से संबंधित रिपोर्ट भी तैयार की जा रही है। चुंकि जंगली सुअर की संख्या बढ़ने लगी है, ऐसे में संभव हुआ तो ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें जंगल की ओर खदेड़ने का भी प्रयास किया जा जाएगा। बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली सूअरों की बढ़ती आवाजाही से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। कई स्थानों पर 10 से अधिक जंगली सूअरों का झुंड रात होते ही खेतों में पहुंचकर खरीफ, दलहन और तिलहन की फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। सूअर जमीन खोदकर मूंगफली निकालने के साथ खड़ी फसल को रौंद रहे हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, जंगली सूअर दिनभर नदी किनारे घनी झाड़ियों में छिपे रहते हैं और अंधेरा होने के बाद झुंड बनाकर खेतों की ओर निकलते हैं। गांव से दूर स्थित खेतों की रखवाली करना किसानों के लिए मुश्किल हो गया है। कई किसान जंगली सूअरों के हमले के डर से रात में खेत जाने से बच रहे हैं। किसानों ने वन परिक्षेत्राधिकारी सहित वन अमले को बताया कि पिछले चार दिनों से मूंगफली के खेतों में लगातार सूअरों का झुंड पहुंच रहा है। इससे फसल के साथ ग्रामीणों की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। किसानों ने जंगली सूअरों से फसल बचाने के लिए प्रभावी इंतजाम की मांग की है।

## वाहन बेचकर फंसा मालिक, खरीदार ने किश्तें नहीं भरीं और गाड़ी लौटाने से किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

#### भुगतान से मुकरने पर थाने पहुंचा मालिक, सरिया थाना क्षेत्र का मामला

सरिया थाना क्षेत्र में स्कॉर्पियो वाहन की बिक्री के बाद किश्तों के भुगतान को लेकर विवाद सामने आया है। ग्राम दादरपाली निवासी बैसाखू यादव ने उतई, जिला दुर्ग निवासी केशव सिन्हा के खिलाफ धोखाधड़ी, विश्वासघात, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए सरिया थाने में शिकायत की है।

शिकायत के अनुसार बैसाखू यादव के नाम पर स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी-13-बीजी-2307 पंजीकृत है। उन्होंने 4 मई 2026 को यह वाहन केशव सिन्हा को बेचने की बात कही है। वाहन सौदे के दौरान केशव द्वारा ऑनलाइन माध्यम से 1 लाख 70 हजार रुपये दिए गए। शिकायतकर्ता के मुताबिक वाहन पर उस समय 66 किश्तें बाकी थीं और प्रत्येक किश्त करीब 30 हजार रुपये की थी। बैसाखू का कहना है कि वाहन सौदे के दौरान दोनों के बीच लिखित एग्रीमेंट हुआ था, जिसमें वाहन लेने के बाद शेष किश्तों का भुगतान केशव सिन्हा द्वारा किए जाने पर सहमति बनी थी। आरोप है कि वाहन अपने कब्जे में लेने के बाद केशव ने एक भी किश्त जमा नहीं की। वाहन अब भी बैसाखू के नाम पर पंजीकृत होने के कारण वित्त कंपनी की ओर से उन्हें किश्त जमा करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। उसने अपने स्तर पर तीन किश्तों के 90 हजार रुपये जमा किए हैं और इसकी रसीद भी उसके पास है। इसके बाद जब उसने केशव से किश्त जमा करने अथवा वाहन वापस करने की बात कही तो उसके साथ गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। वाहन अभी भी केशव के कब्जे में है और उसका किसी आपराधिक गतिविधि में दुरुपयोग किया जा सकता है। उसने पुलिस से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

#### जीजा ने लोहे की पाइप से साले पर किया हमला

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र के ग्राम सलिहारी में पारिवारिक विवाद के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि बहन से मारपीट करने को लेकर जीजा से सवाल करने पर विवाद बढ़ गया और जीजा ने अपने साले के साथ लोहे की पाइप से मारपीट कर दी। घटना में युवक के चेहरे और कान में चोट लगने से खून निकलने की बात सामने आई है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, तिलकधर यादव ग्राम सलिहारी का निवासी है और खेती-किसानी करता है। वह अपने परिवार के साथ रहता है। उसकी बड़ी बहन मुनिया बाई और जीजा राधेश्याम यादव भी उनके साथ रहते हैं। 28 सितंबर की सुबह करीब 8 बजे राधेश्याम यादव ने कथित तौर पर अपनी पत्नी मुनिया बाई के साथ मारपीट की।



## खबर संक्षेप

### नवागढ़ में ग्रामीणों ने लिया पूर्ण शराबबंदी का संकल्प



**रायगढ़।** जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के तहत पुलिस अब कार्रवाई के साथ ग्रामीणों को जागरूक करने और सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दे रही है। इसी कड़ी में घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम नवागढ़ के ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से गांव में पूर्ण शराबबंदी का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने इसको लेकर कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें घरघोड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू को आमंत्रित किया गया। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि शराबबंदी का यह निर्णय केवल नशे से दूरी बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे परिवारों और आने वाली पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि नशे की वजह से कई बार सड़क दुर्घटनाओं के साथ-साथ घरेलू विवाद, हिंसा और अन्य आपराधिक घटनाओं की स्थिति भी बनती है। ऐसे में किसी एक गांव का सामूहिक संकल्प आसपास के दूसरे गांवों के लिए भी प्रेरणा बन सकता है। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से अपील की कि गांव में यदि कोई व्यक्ति चोरी-छिपे शराब बनाता या बेचता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने अवैध शराब के कारोबार में शामिल लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायत मिलने पर संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने भी पुलिस के नशा विरोधी अभियान की सराहना करते हुए गांव में शराबबंदी के फैसले को प्रभावी बनाए रखने के लिए आपसी सहयोग का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों ने अवैध शराब से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाने की बात भी कही।

### पुसौर में कल आयोजित होगो नेत्र शिविर कलेक्टर ने किया स्थल का निरीक्षण



**रायगढ़।** सेवा संकल्प अभियान के तहत कल पुसौर में विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला स्वास्थ्य समितिए रायगढ़ द्वारा आयोजित शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पुसौर में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। शिविर में नागरिकों की निःशुल्क नेत्र जांचए चिकित्सकीय परामर्श तथा आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क चश्मा वितरण किया जाएगा। शिविर की तैयारियों को लेकर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में आने वाले लोगों के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने तथा स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारेए सहायक कलेक्टर गोकुल आरके एवं एसडीएम महेश शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शिविर में लोगों की आंखों की जांच की जाएगी। नेत्र परीक्षण के दौरान दृष्टि संबंधी समस्या पाए जाने पर चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक उपचार के संबंध में मार्गदर्शन दिया जाएगा। दृष्टिदोष वाले हितग्राहियों को आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया जाएगा शिविर के माध्यम से लोगों को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ समय पर जांच और आवश्यक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### सितंबर माह का राशन अब 15 अक्टूबर तक मिलेगा

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सितंबर एवं अक्टूबर 2026 के खाद्यान्न वितरण की समय.सीमा बढ़ाई गई है। शासन के निर्देशानुसार सितंबर माह के लिए जारी खाद्यान्न का वितरण अब 15 अक्टूबर तक तथा अक्टूबर माह के लिए जारी खाद्यान्न का वितरण 30 अक्टूबर तक किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू ने शासन के निर्देशों के अनुरूप जिले की समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय.सीमा के भीतर पात्र हितग्राहियों को उनकी पात्रतानुसार खाद्यान्न एवं अन्य राशन सामग्री का वितरण पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकान संचालकों को निर्देशित किया है कि राशन वितरण में पात्र हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और शासन द्वारा बढ़ाई गई समय-सीमा का लाभ सभी संबंधित हितग्राहियों को मिले। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न के भंडारण एवं वितरण की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### कौशल विकास का अवसर, सीआईपीईटी में 80 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण

**रायगढ़।** निर्माण श्रमिक परिवारों के युवाओं को रोजगारपरक कौशल से जोड़ने के लिए छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर कौशल विकास एवं परिवार सशक्तिकरण योजना के तहत कौशल प्रशिक्षण का अवसर दिया जा रहा है। योजना के अंतर्गत चयनित युवाओं को रायपुर स्थित सीआईपीईटी में आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षणार्थियों को सहायक मशीन ऑपरेटर प्लास्टिक प्रसंस्करण एक्सट्रूजन एवं इंजेक्शन मोल्डिंग ट्रेड में कुल 480 घंटे यानी 80 दिवस का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्णतः आवासीय होगा तथा सीआईपीईटी रायपुर में प्रशिक्षणार्थियों के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# सेवा संकल्प अभियान में स्वच्छता का संकल्प, आज जिलेभर में होगा सामूहिक श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में स्वच्छता को जनभागीदारी से जोड़ते हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। शासन के दिशा निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं अमृत सरोवर स्थलों में स्वच्छता, जन जागरूकता और श्रमदान से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस वर्ष अभियान की थीम स्वच्छता में सहभागी, स्वच्छ भारत, विकसित भारत रखी गई है।

अभियान के तहत गांवों में लंबे समय से चिन्हित कचरा स्थलों ब्लैक स्पॉट एवं स्वच्छता लक्षित इकाइयों की सफाई और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही हाट.बाजार, स्कूल, आंगनबाड़ी, सामुदायिक

## कल सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित होगी विशेष ग्राम सभा




शौचालय, स्वास्थ्य केंद्र तथा अमृत सरोवर परिसरों में भी स्वच्छता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। ग्रामीणों को आगामी त्योहारों एवं सामुदायिक आयोजनों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत आज प्रातः 8 बजे जिलेभर में एक दिनए एक घंटा, एक साथ पहल के अंतर्गत सामूहिक श्रमदान किया जाएगा। इसमें जनप्रतिनिधियों के साथ स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, स्वच्छाग्रही, युवा एवं आम नागरिक मिलकर सार्वजनिक स्थलों की सफाई में सहभागिता करेंगे। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित न रखते हुए इसे नियमित जनभागीदारी और सामुदायिक जिम्मेदारी से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने होगी ग्राम सभा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर 2 अक्टूबर को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। ग्राम सभा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, गांव की स्वच्छता व्यवस्था और स्वच्छता संबंधी विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई जाएगी तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया जाएगा। जिला प्रशासन एवं जिला पंचायत ने जिले के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं, स्वयं सहायता समूहों और सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे सेवा संकल्प अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और श्रमदान के माध्यम से अपने गांव, सार्वजनिक स्थलों एवं आसपास के परिवेश को स्वच्छ और सुंदर बनाने में योगदान दें।

## पोषण व स्वास्थ्य जागरूकता के साथ बढ़ रही जनभागीदारी

# आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगन मिलन सेवा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिलेभर के आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। इन आयोजनों के माध्यम से महिलाओं, बच्चों और परिवारों को पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ शासकीय योजनाओं की जानकारी देने और आंगनबाड़ी केंद्रों से समुदाय की भागीदारी बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

इसी क्रम में 28 सितम्बर को जिले के लात, छाल, बाजारपारा गेरसा, खम्हार, नवाडीह, आड़पथरा, टेमटेमा, सेन्द्रीपाली, महापल्ली, विश्वनाथपाली, कुंधरीपारा,राबो सहित विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पोषण थाली एवं व्यंजन प्रदर्शनी, अन्नप्राशन, गोदभराई, महिलाओं की कुर्सी दौड़, मेहंदी प्रतियोगिता, मुनगा पौधरोपण, स्वास्थ्य जांच तथा पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। महिलाओं ने अपनी कहानी, अपनी जुबानी के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से लाभान्वित हितग्राहियों ने योजना




से मिले लाभ की जानकारी साझा करते हुए अपने अनुभव बताए। धरमजयगढ़ विकासखण्ड के लात, छाल, और बाजारपारा गेरसा में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत रायगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविंद्र गबेल, जिला पंचायत की स्वास्थ्य, महिला एवं बाल कल्याण समिति की सभापति श्रीमती सुषमा खलखो, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रजनी राठिया, जनपद पंचायत धरमजयगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती लिनव बिरजू राठिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों में उपस्थित महिलाओं को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म कराई गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुनगा पौधरोपण के माध्यम से पोषण के साथ हरियाली और घरेलू स्तर पर उपयोगी पौधों को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी पूनम मित्तल, पर्यवेक्षक, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, मितानिन एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# कांग्रेस का कलेक्ट्रेट घेराव नौटंकी: भाजपा जिलाध्यक्ष

**रायगढ़।** कांग्रेस के कलेक्ट्रेट घेराव और कथित 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर भाजपा ने तीखा हमला बोला है। भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने कांग्रेस के प्रदर्शन को नौटंकी बताते हुए कहा कि कांग्रेस चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाकर लोकतंत्र की दुहाई दे रही है, जबकि उसके अपने इतिहास में लोकतांत्रिक संस्थाओं को लेकर कई विवादित प्रसंग रहे हैं।



■ वोट चोरी के आरोपों पर भाजपा का पलटवार

दीवान ने 1946 में प्रधानमंत्री पद को लेकर कांग्रेस के भीतर हुए घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए दावा किया कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी की अधिकांश प्रांतीय समितियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम का समर्थन किया था, लेकिन महात्मा गांधी के आग्रह पर पटेल ने अपना नाम वापस ले लिया और जवाहरलाल नेहरू प्रधानमंत्री बने। उन्होंने इसे कांग्रेस में 'वोट चोरी' और परिवारवाद की शुरुआत से जोड़ते हुए कहा कि बहुमत के बावजूद पटेल को पीछे किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने 1975 के आपातकाल का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के बाद इंदिरा गांधी ने सत्ता बचाने के लिए देश में आपातकाल लगाया, जिसके दौरान विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारियां हुईं और प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाए गए। दीवान ने इसे लोकतंत्र के लिए काला अध्याय बताया। उन्होंने कांग्रेस पर चुनावी हार के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता ने कांग्रेस को कई राज्यों में लंबे समय से सत्ता से बाहर रखा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग कांग्रेस के आरोपों का तथ्यों के साथ जवाब दे चुका है। श्री दीवान ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीति में किसी आरोप को बार-बार दोहराने से वह सच नहीं बन जाता। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास के मुद्दों पर मुकाबला नहीं कर पाने के कारण विपक्ष भ्रम और अराजकता का सहारा ले रहा है।

### नवपदस्थ तहसीलदार सूर्यवंशी का अधिवक्ता संघ ने किया स्वागत



**सरसींवां।** तहसील सरसींवां में नवपदस्थ तहसीलदार मनीष कुमार सूर्यवंशी का अधिवक्ता संघ भटगांव की ओर से आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अधिवक्ता संघ भटगांव के अध्यक्ष अधिवक्ता फिरितलाल खटकर ने तहसीलदार से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस दौरान तहसील क्षेत्र में राजस्व संबंधी कार्यों, लंबित प्रकरणों तथा आम नागरिकों से जुड़े विभिन्न मामलों को लेकर सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष खटकर ने प्रशासन और अधिवक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों के निराकरण में प्रशासन और अधिवक्ताओं के बीच तालमेल रहने से पक्षकारों को सुविधा मिलती है तथा प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के लिए सकारात्मक वातावरण बनता है। तहसीलदार मनीष कुमार सूर्यवंशी ने अधिवक्ता संघ की ओर से किए गए स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया।

# स्वच्छता अभियानः विद्यार्थियों ने कबाड़ से जुगाड़ और पेंटिंग के जरिए पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




**रायगढ़।** 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत मिलूपारा के मिडिल और हाई स्कूल में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता से स्वच्छता का अनूठा संदेश दिया। अदाणी फाउंडेशन की ओर से आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में लगभग 130 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। बच्चों ने पोस्टर पेंटिंग, स्लोगन लेखन और विशेष रूप से 'कबाड़ से जुगाड़' प्रतियोगिता के जरिए पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक किया। प्रतियोगिताओं से पहले बच्चों को खास मार्गदर्शन भी दिया गया था, जिससे उन्होंने बेकार पड़ी चीजों से बेहद खूबसूरत और संदेशपरक मॉडल तैयार किए।

■ अदाणी फाउंडेशन के 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में 130 विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मकता, विजेता सम्मानित

■ मिलूपारा स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन, सरपंच और साइट हेड ने बढ़ाया बच्चों का हौंसला

इस मौके पर ग्राम पंचायत के सरपंच उद्धव भगत और उपसरपंच सीताराम चौधरी उपस्थित रहे। स्कूल की प्राचार्या श्रीमती इलिसबा लकड़ा के साथ ही विद्यालय के शिक्षक वासुदेव प्रधान, जयराम सिदार, मीना पटेल, बलदेव राठिया, प्रतिभा यादव, ललिता भोई, चंपावती सिदार और कौशिल्या सिदार ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में अदाणी समूह की ओर से साइट हेड, पर्यावरण विभाग के प्रमुख और सीएसआर की टीम भी शामिल हुई। इन सबने युवाओं को स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत बनाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम के अंत में पुरस्कृत किया गया। 'कबाड़ से जुगाड़' स्पर्धा में दसवीं की मीनू गुप्ता ने पहला, किन्जल लहरे ने दूसरा और रीमा गुप्ता ने तीसरा स्थान हासिल किया। स्लोगन लेखन में आठवीं की रीमा गुप्ता प्रथम, सुमन कलंगा द्वितीय और सविता प्रजापति तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं, पोस्टर पेंटिंग में आठवीं की सोहद्रा प्रधान ने बाजी मारते हुए पहला स्थान पाया, जबकि अंजू सिदार दूसरे और पिंकी राठिया तीसरे स्थान पर रहीं।

आयोजन को सफल बनाने के लिए अदाणी फाउंडेशन की ओर से सभी प्रतिभागियों को ड्रॉइंग पेपर, कलर पेंसिल, रबर और कटर जैसी जरूरी सामग्रियाँ प्रदान की गईं। साइट हेड ने बच्चों की तारीफ करते हुए कहा कि स्वच्छता एक सामाजिक जिम्मेदारी है और बच्चे अपने परिवार व समाज में इस संदेश को फैलाने वाले सबसे मजबूत माध्यम हैं। वहीं, प्राचार्य श्रीमती इलिसबा लकड़ा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियों से बच्चों में सामाजिक सरोकारों के प्रति व्यावहारिक समझ विकसित होती है।अदाणी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि स्वच्छता जैसे विषयों पर विद्यार्थियों को केंद्र में रखकर किए जाने वाले प्रयास समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने में प्रभावी भूमिका निभाते हैं। एक जागरूक विद्यार्थी अपने परिवार और आसपास के लोगों तक स्वच्छता का संदेश पहुँचाकर व्यापक सामाजिक बदलाव का माध्यम बन सकता है। इसी उद्देश्य के साथ अदाणी फाउंडेशन समय-समय पर ऐसे जनहितकारी और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है।

# राजस्व विभाग के काम को कृषि विभाग से कराने का आरोप, आंदोलन की चेतावनी



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ ने डीसीएस पीवी एप के माध्यम से फसल गिरदावरी में एडीओ की ड्यूटी लगाए जाने के विरोध में कार्य के बहिष्कार का आह्वान किया है। संघ की 26 सितंबर को आयोजित वर्चुअल प्रांतीय बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष लिखेश वर्मा ने कहा कि फसल गिरदावरी मूलतः राजस्व अभिलेखों, खसरा, नक्शा, सीमांकन एवं बटांकन से जुड़ा कार्य है। इस कार्य में कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों को लगाने के बजाय शासन द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अनुरूप संबंधित राजस्व अमले एवं सर्वेयरों से ही कार्य कराया जाना चाहिए। संघ के प्रांतीय सचिव दीपक पटेल ने कहा कि खरीफ सीजन में कृषि विभाग का मैदानी अमला फसल निरीक्षण, कीट-व्याधि नियंत्रण, पीएम किसान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम आशा, कृषि डीएसएस, कृषक पंजीयन एवं सत्यापन, कृषक उन्नति योजना, बीज उत्पादन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा उर्वरक-बीज-कीटनाशक गुण नियंत्रण सहित अनेक महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त है। ऐसे समय में मैदानी कृषि अधिकारियों को लगातार गैर विभागीय कार्यों में लगाने से कृषक हित से जुड़े विभागीय कार्यों के प्रभावित होने की स्थिति निर्मित है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायगढ़**
**जिला- रायगढ़ (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.../अ-6/2025-26

ग्राम-कोकड़ीतराई रायगढ़ तह. रायगढ़ एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम कोकड़ीतराई प.ह.न. 06 को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती ललिता सिन्हा पति परमहंस कुमार सिन्हा निवासी नरसंडा, चंडी नालंदा बिहार हा.मु. बैकुंठपुर वार्ड नंबर 14, मिश्रा गली थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ तहसील व जिला रायगढ़ के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109-110 के तहत प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि अनावेदक क्रमांक 02 विजय अग्रवाल पिता गुलाबचंद अग्रवाल के हक अधिकार की भूमि ग्राम कोकड़ीतराई तहसील व जिला रायगढ़ में खसरा नंबर 3/2 रकबा 0.154 हे. में से रकबा 0.014 हे. को अनावेदक कमांक 02 के द्वारा अनावेदक क्रमांक 01 को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 18/01/2010 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में उपरोक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में अनावेदक क्रमांक 02 के नाम पर दर्ज है। अतः आवेदित भूमि खसरा नंबर 3/2 रकबा 0.016 हे. के अभिलेखों से अनावेदक क्रमांक 02 का नाम विलोपित कर आवेदिका का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

प्रस्तुत आवेदन के संबंध में इस न्यायालय में दिनांक 12.10.2026 को सुनवाई नियत की गई है। उक्त संबंध में किसी कोई आपत्ति या आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति/आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार रायगढ़**

# राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित सुनीता का यादव समाज ने किया सम्मान



**रायगढ़।** वर्ष 2026 में राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुईं शिक्षिका सुनीता यादव का रायगढ़ जिला झेरिया यादव समाज एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला झेरिया यादव समाज की ओर से उनके गृह ग्राम बरमकेला स्थित निवास पहुंचकर आत्मीय सम्मान किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने उन्हें साल, श्रीफल एवं गुलदस्ता भेंट कर शिक्षा के क्षेत्र में हासिल उपलब्धि के लिए बधाई दी। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि सुनीता यादव ने अपनी मेहनत, लगन, निष्ठा और शिक्षा के प्रति समर्पण के बल पर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। वर्ष 2026 में उन्हें देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान प्राप्त हुआ, जिसे शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान की राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान के रूप में देखा जा रहा है। यह सम्मान समारोह प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मानसाय यादव के मार्गदर्शन में तथा रायगढ़ जिला अध्यक्ष पंचराम यादव और जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सुनीता यादव से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जिला संयुक्त सचिव चंद्रिका यादव, रायगढ़ नगर अध्यक्ष शिवा यादव, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला उपाध्यक्ष सादराम यादव, पुसौर तहसील सचिव आलेख राम यादव, युवा प्रकोष्ठ पुसौर अध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव, पुजेरीपाली से सौदागर यादव, सारंगढ़-बिलाईगढ़ युवा प्रकोष्ठ से देव प्रसाद यादव सहित समाज के कई गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

# पुसौर सीएचसी में मरीजों को मिली बड़ी राहत, 16 की हुई सफल सर्जरी

**रायगढ़।** सेवा संकल्प अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में एक ही दिन में 16 मरीजों की सर्जरी सफलता पूर्वक की गई। पुसौर स्वास्थ्य केंद्र में एक दिन में इतनी संख्या में सर्जरी पहली बार हुई है।

वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी की मंशा और कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर से क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को अपने क्षेत्र में ही उपचार की सुविधा मिली। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल जगत, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती रंजना पैकरा, डॉ. दिनेश नायक सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ मरीजों के उपचार और उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। शिविर में हाइड्रोसील से पीड़ित 16 मरीजों की सर्जरी की गई। मरीजों की आवश्यक जांच और चिकित्सकीय प्रक्रिया पूरी करने के बाद ऑपरेशन किए गए। वरिष्ठ सर्जन डॉ.डीएस पैंकरा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के समन्वय से सभी सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। मरीजों और उनके परिजनों ने समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।





# ये प्रेम मोल लिया का गाना 'जय अंबे बोल' रिलीज

**मुंबई।** इस नवरात्रि पर सिंगर हिमेश रेशमिया एक नया गरबा सॉन्ग लेकर आए हैं। सूरज बड़जात्या की अपकमिंग फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' का नया गाना दर्शकों का दिल जीत रहा है। त्योहारों के मौसम से पहले रिलीज किया गया यह गाना हिमेश के म्यूजिक कॅरियर का पहला गरबा गाना है। आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ पर फिल्माया गया 'जय अंबे बोल' गाना गरबा सेलिब्रेशन के उत्साह बढ़ाता नजर आ रहा है। गाने को श्रेया घोषाल और हिमेश रेशमिया ने आवाज दी है। मयूर पुरी की कलम से निकले इस गाने को हिमेश ने अपना म्यूजिक देकर खास बना दिया है। यह फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'ये प्रेम मोल लिया' का यह गाना टाइटल ट्रैक के रिलीज होने के बाद आया है।

## लाइफ Style

# ऐश्वर्या

## ब्लैक गाउन में बिखेरा जलवा

पेरिस फैशन वीक से अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन की कई तस्वीरें और वीडियो सामने आई हैं, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इनमें एक्ट्रेस का शानदार अंदाज देखने को मिल रहा है। बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन एक बार फिर अपने शानदार अंदाज को लेकर चर्चा बनी हुई हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दरअसल, एक्ट्रेस 28 सितंबर को पेरिस फैशन वीक इवेंट का हिस्सा बनीं, जहां से अब उनकी कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। ऐश्वर्या राय ने एफिल टावर के सामने प्लेस जोफ्रे में केंडल जेनर और ईवा लोंगोरिया जैसी ग्लोबल आइकन्स के साथ रैंप वॉक किया। बता दें कि इस साल शो की थीम 'वॉक यॉर वर्थ' थी, जो आत्मविश्वास, विविधता और महिलाओं की एकजुटता का जश्न मनाती है। ब्यूटी ब्रांड की लंबे समय से ग्लोबल एंबेसडर रहीं ऐश्वर्या ने लोरियल पेरिस के 'ले डीफिल' के नौवें संस्करण में हिस्सा लिया। इस दौरान अभिनेत्री शाही अंदाज में नजर आईं। उन्होंने डिजाइनर यारा शूमेकर का बनाया हुआ शानदार ब्लैक वेलवेट गाउन पहना था। अपने लुक को पूरा करने के लिए अभिनेत्री ने बालों को कर्ल किया और टियारा भी लगाया। वहीं, उन्होंने ड्यूई मेकअप और रेड लिपस्टिक के साथ अपने लुक को पूरा किया। इस सितारों से सजे शो में ऐश्वर्या ने सिमोन ऐश्ली, वियोला डेविस, जेन फोंडा और सेलीन डियोन सहित कई इंटरनेशनल को-एंबेसडर्स के साथ रैंप शेयर किया। शाम का एक खास पल तब देखने को मिला, जब ऐश्वर्या और सेलीन डियोन ने एक-दूसरे का हाथ थामा, गर्मजोशी से गले मिलीं और किस किया।



## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर-मैन ब्रांड... फिर लौटेगी

**नई दिल्ली।** इस साल भारतीय सिनेमाघरों में अगर किसी हॉलीवुड फिल्म का बोलबला देखने को मिला था, तो वह स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे रही। टॉम हॉलैंड स्टारर इस सुपरहीरो फिल्म ने अपनी शानदार कहानी से भारतीय दर्शकों का दिल जीता। अब खबर आ रही है कि मेकर्स स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे को री-रिलीज करने का प्लान बना रहे हैं। जिसे आने वाले 18 दिसंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। यही कारण है कि मेकर्स ने ये योजना बनाई है कि वह एवेंजर्स डूम्सडे की रिलीज से पहले स्पाइडर-मैन ब्रांड न्यू डे को दोबारा से बड़े पर्दे पर पेश करेंगे।



# दुनियाभर में स्ट्रीम होगा शकीरा का कॉन्सर्ट...

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार शकीरा इन दिनों अपने कॉन्सर्ट को लेकर चर्चा में हैं। वह इन दिनों अपने 'लास मुजेरेस या नो लोरान वर्ल्ड टूर' पर हैं। इस टूर के तहत सिंगर तीन अक्तूबर को मैड्रिड में होने वाले अपने कॉन्सर्ट को दुनिया भर में लाइव-स्ट्रीम करेंगी। यह पहली बार होगा जब शकीरा का पूरा कॉन्सर्ट इस तरह से दुनियाभर में दिखाया जाएगा। भारत के फैंस भी इस कॉन्सर्ट का आनंद ले सकेंगे। भारत में मौजूद फैंस देर रात सिंगर की लाइव परफॉर्मेंस का आनंद ले सकेंगे। यह कॉन्सर्ट 4 अक्टूबर को रात 12:15 बजे अमेजन म्यूजिक इंडिया ऐप, प्राइम वीडियो, फायर टीवी और ट्विच पर अमेजन म्यूजिक चैनल पर स्ट्रीम होगा। इसके लिए किसी पेड सब्सक्रिप्शन की जरूरत नहीं है। मैड्रिड शो शकीरा के बहुत बड़े वर्ल्ड टूर के आखिरी पड़ावों में से एक है।



# अब 'पायर' सिनेमाघरों में देगी दस्तक

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के कुमाऊं की खूबसूरत वादियों में बसे एक बुजुर्ग दंपति की कहानी अब बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगी। नेशनल अवॉर्ड विजेता फिल्ममेकर विनोद कापड़ी की फिल्म 'पायर' जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म अब तक 18 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है। फिल्म में 80 साल के पदम सिंह कापड़ी और 70 साल की हीरा देवी पहली बार अभिनय करते नजर आएंगे। फिल्म प्यार, अकेलेपन, यादों और बच्चों के पलायन के बीच माता-पिता के इंतजार की कहानी बयां करती है। 'पायर' 23 अक्टूबर को पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इसमें कुमाऊं क्षेत्र के एक दूरदराज गांव की पृष्ठभूमि पर बनी एक बुजुर्ग दंपति की कहानी देखने को मिलेगी, जिनकी जिंदगी उनके घर, पुरानी यादों और एक-दूसरे के इर्द-गिर्द घूमती है।



# दृश्यम-3 के साथ रिलीज होगी प्रेम कीटाणु

**मुंबई।** 2 अक्टूबर को गांधी जयंती है और इस मौके पर सिनेमाघरों में 2 फिल्मों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा। इस लंबे वीकेंड पर एक तरफ सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर 'दृश्यम 3' रिलीज हो रही है, तो दूसरी ओर 'प्रेम कीटाणु' जैसी हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। दोनों फिल्मों का जॉनर और टारगेट ऑडियंस काफी अलग है, ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इनकी टक्कर देखना दिलचस्प होगा। फिल्म में एक बार फिर सस्पेंस, फैमिली ड्रामा और विजय की नई चाल देखने को मिलेगी। 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी की पिछली फिल्मों को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। 'दृश्यम 3' के बिल्कुल उलट 'प्रेम कीटाणु' दर्शकों को हल्का-फुल्का और रोमांटिक मनोरंजन देने वाली है।

## टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी 15 : ट्रॉफी के लिए भिड़ेंगे टॉप 5 कंटेस्टेंट्स

**नई दिल्ली।** 'खतरों के खिलाड़ी 15' के ग्रैंड फिनाले की तारीख का ऐलान हो गया है। शो के सेमी फिनाले के बाद होस्ट रोहित शेट्टी ने बताया कि शो अब अपने आखिरी पड़ाव पर है, जहां टॉप 5 कंटेस्टेंट ट्रॉफी जीतने के लिए मुश्किल स्टंट्स में एक-दूसरे का मुकाबला करेंगे। फाइनलिस्ट्स को इस सीजन के कुछ सबसे मुश्किल टास्क का सामना करना होगा, जिससे उनके साहस, ताकत और दृढ़ संकल्प की परीक्षा होगी। फिनाले 3 और 4 अक्टूबर को रात 9 बजे कलर्स और जियो हॉटस्टार पर प्रसारित होगा। इस सीजन की शुरुआत 'ओल्ड वर्सेस न्यू' थीम के साथ हुई थी। इस हफ्ते सेमी फाइनल हुआ और शो को अपना पहला फाइनलिस्ट मिल गया। फिनाले से कुछ दिन पहले ही रुहानिका धवन का सफर खत्म हो गया। वहीं अविनाश मिश्रा 'खतरों के खिलाड़ी 15' के पहले फाइनलिस्ट बन गए हैं। उन्होंने टॉप 5 में अपनी जगह पक्की कर ली है। अविनाश ने एक वॉटर स्टंट में करण वाही का मुकाबला किया और उसे जीतकर सीधे फिनाले के लिए क्वालिफाई कर लिया। अब उन्हें फाइनल स्टंट से ठीक पहले वाला स्टंट करने का मौका मिलेगा। रोहित शेट्टी ने खतरों के खिलाड़ी सीजन 5 से बतौर होस्ट इसकी शुरुआत की थी और तब से लेकर अब तक शो के होस्ट बने हुए हैं। बीच में सीजन 7 को छोड़कर उन्होंने सीजन 8 से लेकर अब तक लगातार इस शो की कमान संभाली है।

### राशन टास्क में कनिका-काजी की भिड़ंत

**नई दिल्ली।** बिग बॉस के सीजन 20 ने अब अपनी रफ्तार पकड़ ली है। काजी तौकीर के फैंडम और सलमान खान के वीकेंड का वार ने शो को अलग लेवल पर पहुंचा दिया है। इस बीच घर में लड़ाई-झगड़ों का दौर भी जारी है। इस रिएलिटी शो में अक्सर देखा जाता है कि कंटेस्टेंट को ऐसा टास्क दे दिया जाता है, जिसमें कंटेस्टेंट का भिड़ना लाजिमी हो जाता है। इस बार राशन टास्क में भी कुछ वही देखने को मिलने वाला है। राशन टास्क के दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किया गया है, जिसमें कनिका मान और काजी तौकीर एक दूसरे से भिड़ते दिखाई दे रहे हैं। जियोहॉटस्टार ने इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर बिग बॉस 20 के अपकमिंग एपिसोड का एक प्रोमो शेयर किया है। 30 सेकेंड के इस प्रोमो में दिखाया गया है कि कैसे घरवाले राशन टास्क में राशन इकट्ठा करने की जद्दोजेहद कर रहे हैं। प्रोमो में बिग बॉस घरवालों से कहते हैं, 'घरवालों आस-पास है आपके वीकली राशन के कुछ आइटम्स. जो भी आइटम्स कार्य के अंत में डिलिवर्ड होंगे, वो राशन में से कट हो जाएंगे।'



# शांतनु को राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**मुंबई।** मध्य प्रदेश सरकार ने सोमवार को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें संगीत निर्देशक शांतनु मोइत्रा को संगीत के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। बता दें कि यह पुरस्कार इंदौर में आयोजित एक कार्यक्रम में दिया गया। इंदौर लता मंगेशकर की जन्मस्थली है। यह कार्यक्रम उनकी 97वीं जयंती के मौके पर आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री मोहन यादव वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कार्यक्रम में शामिल हुए। मोहन यादव ने शांतनु मोइत्रा के भारतीय संगीत में योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि मोइत्रा ने अपनी प्रतिभा से देश के संगीत जगत को समृद्ध किया है। वहीं, संगीतकार मोइत्रा ने सम्मान के लिए मध्य प्रदेश सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि लता मंगेशकर के नाम पर उनकी जन्मस्थली में और उनकी जयंती के दिन पुरस्कार मिलना उनके लिए भावुक और गर्व का पल है। शांतनु मोइत्रा भारतीय सिनेमा के प्रमुख संगीतकार और बैकग्राउंड स्कोर कम्पोजर हैं। 'परिणीता', 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी', 'लगे रहो मुन्नाभाई', '3 इडियट्स', 'मद्रास कैफे', 'पीकू', 'अक्टूबर' और '12वीं फेल' जैसी फिल्मों में उनके संगीत को पहचान मिली। वर्ष 2014 में तेलुगु फिल्म 'ना बंगारू तल्ली' के लिए शांतनु को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला था। राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार की शुरुआत मध्य प्रदेश के संस्कृति विभाग ने 1984 में की थी। यह पुरस्कार हर साल हल्के संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाले कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है। अब तक नौशाद, किशोर कुमार, सोनू निगम, एआर रहमान, अनु मलिक, उदित नारायण और आशा भोसले समेत कई प्रसिद्ध कलाकारों को यह पुरस्कार मिल चुका है।



# गांव की 'काली खेती' में दबे हुए राज दहलाएंगे दिल

**नई दिल्ली।** अक्टूबर के महीने में कई नई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इन्हीं में से एक फिल्म हॉरर थ्रिलर है जो गांव की सुपरनैचुरल कहानी को पर्दे पर दिखाएगी। हाल ही में, मेकर्स ने नई हॉरर फिल्म का ऐलान किया है। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ और शरद केलकर मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म है 'काली खेती'। जैकी श्रॉफ ने 29 सितंबर को अपनी नई फिल्म 'काली खेती' का ऐलान किया है। यह एक सुपरनैचुरल रूरल थ्रिलर है। इसका पहला मोशन पोस्टर भी जारी किया गया है। दिल दहलाने वाले पोस्टर में अंधेरी रात, लालटेन और राक्षस दिखाया गया है। पोस्टर का बैकग्राउंड म्यूजिक भी रोंगटे खड़े करता है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए जैकी श्रॉफ ने कैप्शन में लिखा, 'रोशनी बुझने न देना, खेती जागने वाली है।' साथ ही फिल्म की स्टार कास्ट का नाम भी रिवील कर दिया गया है। फिल्म में जैकी और शरद के अलावा 'मिर्जापुर' की एक्ट्रेस नेहा सरगम भी अहम भूमिका में हैं। हारिस इम्तियाज खान के निर्देशन में बन रही 'काली खेती' की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। ब्लैककैनवस स्टूडियो के बैनर तले सना खान फिल्म का निर्माण कर रही हैं। यह फिल्म अगले साल 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



## रोमांस, एक्शन, कॉमेडी और थ्रिलर का होगा जबरदस्त धमाका

# अक्टूबर में थिएटर में आएगा इन साउथ फिल्मों का तूफान

*नई दिल्ली। अक्टूबर 2026 की शुरुआत होने वाली है। उए महीना शानदार फिल्मों से भरा होने वाला है। अगर साउथ सिनेमा की बात करें तो इस महीने में एक या दो नहीं, बल्कि 11 जबरदस्त फिल्में थिएटर पर दस्तक देंगी। मलयालम तमिल और तेलुगू फिल्मों का धमाका होने वाला है। रोमांस, एक्शन, कॉमेडी और जबरदस्त थ्रिलर इन फिल्मों में देखने के लिए मिलने वाला है।*

**बस्था** : बस्था नाम की एक तमिल फिल्म थिएटर में दस्तक देने वाली है। ये एक एक्शन ड्रामा-थ्रिलर फिल्म होने वाली है। इस फिल्म में विजय सेतुपति और बालाजी थारानीथण अहम रोल में नजर आएंगे। फिल्म 1 अक्टूबर गुरुवार को थिएटर में दस्तक देगी।

**येझू कदाल येझू मलाई** : येझू कदाल येझू मलाई नाम की एक और तमिल फिल्म 1 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। फिल्म की कहानी दो अनजान शख्स की जर्नी की है। इस फिल्म में निविन पॉली, सूरी ने काम किया है। फिल्म 1 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

**सिग्मा** : सिग्मा नाम मी एक तमिल फिल्म आ रही है। ये जबरदस्त एक्शन से भरी एक एडवेंचर फिल्म होने वाली है जिसमें संदीप किशन लीड रोल में दिखेंगे। इसका डायरेक्शन जेसन संजय ने किया है। फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर में रिलीज हो रही है।

**डोंट ट्रबल द ट्रबल** : डोंट ट्रबल द ट्रबल एक तेलुगू फिल्म है जिसमें फहद फासिल लीड रोल में दिखेंगेहैं। फिल्म में जबरदस्त कॉमेडी और एक्टर्स नजर आने वाले हैं। 2 अक्टूबर को थिएटर में होगा धमाका।




**अंबिल अवान** : अंबिल अवान एक नवविवाहिता जोड़े की कहानी है। दोनों एक मुसीबत में फंस जाते हैं। फिल्म में एक्शन और रोमांस भर भर के देखने को मिलने वाला है। इस फलम में अशोक सेल्वन और प्रीति मुकुंदन ने लीड रोल निभाया है। फिल्म 2 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

**बेल** : फिल्म बेल एक पुलिस ऑफिस की कहानी है जो मिलनसार होता है। लेकिन एक घटना उसका पूरा जीवन बदल देती है। इस फिल्म में संजना आनंद, गोपालकृष्ण देशपांडे और रमेश इंदिरा जैसे एक्टर्स अहम किरदारों में नजर आएंगे। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर।

**आदर्श कुटुम्बम** : आदर्श कुटुम्बम हाउस नंबर 47 नाम की फिल्म में एक्टर वेंकटेश ने लीड रोल निभाया है। इस तेलुगू फिल्म की कहानी हाउस नंबर 47 में रहने वाले एक परिवार की है। फिल्म एक्शन और क्राइम से भरी हुई है। इस फिल्म को आप 9 अक्टूबर को थिएटर में देख सकते हैं।

**विश्वंभरा** : विश्वंभरा नाम की एक फिल्म आ रही है। इस फिल्म की कहानी एक पौराणिक कथाओं पर आधारित है। फलम में देवी देवताओं , राजकुमार और परलोक की दुनिया को दिखाया गया है। ये फिल्म 16 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। फिल्म में आशिका रंगनाथ, चिरंजीवी, मौनी रॉय लीड रोल में दिखेंगी।

**राणाबली** : विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी के बाद साथ में पहली फिल्म राणाबली रिलीज हो रही है। ये फिल्म 1870 के दशक के एक योद्धा की कहानी है जिसने ब्रिटिश के लोगों से टक्कर ली थी। फिल्म 16 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

**अप्पा कुट्टी** : अप्पा कुट्टी नाम की एक तमिल फिल्म आने वाली है। फिल्म की कहानी एक फैमिली ड्रामा है जो एक्शन और से भरपूर है। अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए एक पिता क्या कदम उठता है ये उस बारे में हैं। फिल्म 16 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। इस फिल्म में विजय एंटोनी और प्रीति असरानी हैं।

**टाइटन्स** : टाइटन्स नाम की एक मलयालम फिल्म इस अक्टूबर, 2026 में दस्तक देने वाली है। फिल्म के नाम और पोस्टर से तो ये एक एक्शन फिल्म लग रही है। लेकिन असल में ये एक फैंटसी कॉमेडी ड्रामा है। फिल्म में जयसूर्या, विनायाकन दिखेंगे। ये फिल्म 22 अक्टूबर को थिएटर में रिलीज हो रही है।

## खबर संक्षेप

### दुखुराम बने धोबी समाज के प्रादेशिक प्रवक्ता

**रायगढ़।** बाल्को नगर कोरबा निवासी दुखुराम बरेठ को



छत्तीसगढ़ धोबी समाज के प्रादेशिक प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति सभी जिले अध्यक्षों की मांग, राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार कनौजिया के निर्देश अनुसार सामाजिक चिंतक संतराम कन्नौजे के अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने की है। उक्त जानकारी जिला प्रवक्ता साहेब राम बरेटने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी है। इनकी नियुक्ति पर रायगढ़ के अध्यक्ष अवधेश कुमार सोन पार्षद श्रीमती ज्योति बरेठ सहित अनेक परीक्षेत्रीय पदाधिकारी में हर्ष व्यक्त करते हुए समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### ई-रिक्शा खरीदने पर श्रमिकों को मिलेगा अनुदान

**रायगढ़।** असंगठित एवं निर्माण श्रमिकों को स्वरोजगार से जोड़कर उनकी आय के स्थायी साधन विकसित करने के उद्देश्य से श्रम विभाग द्वारा ई रिक्शा क्रय हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। योजना के तहत पात्र श्रमिकों को ई रिक्शा खरीदने के लिए एकमुश्त अनुदान दिया जाएगा। इससे श्रमिक परिवहन के क्षेत्र में स्वयं का रोजगार शुरू कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे। योजना के तहत असंगठित श्रमिक के रूप में पंजीकृत महिला अथवा पुरुष श्रमिक को ई रिक्शा क्रय करने पर एकमुश्त 1 लाख रुपये का अनुदान प्रदान किया जाएगा। कम से कम 3 वर्ष से पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिकों को ई.रिक्शा खरीदने पर अधिकतम 1.50 लाख रुपए अथवा ई रिक्शा के लागत मूल्य का 60 प्रतिशत, जो भी कम हो एकमुश्त आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस योजना से महिला एवं असंगठित श्रमिकों को स्वयं का रोजगार शुरू करने का अवसर मिलेगा।

### मुनगा पौधे का रोपण करने दिया गया प्रशिक्षण

**रायगढ़।** हर घर तक मुनगा पहुंचाने और इसके पौधरोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे हर घर मुनगा, घर घर मुनगा अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग विकासखंड रायगढ़ की टीम को मुनगा पौध उत्पादन एवं रोपण की वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का आयोजन 28 सितम्बर को शासकीय उद्यान रोपणी, बोइरदादर में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान टीम को मुनगा नर्सरी में पौध उत्पादन की प्रक्रिया, पौध तैयार करने की विधि और खेत में पौध रोपण की तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### गोपाल नायक को विधायक ने दी श्रद्धांजलि

**खरसिया।** ग्राम रक्सापाली के



पत्रकार गोपाल कृष्ण नायक का बीती रात निधन हो गया। इनके निधन के समाचार से पत्रकार जगत सहित छेत्र में शोक व्याप्त है। इनकी पार्थिव देह की अंतिम यात्रा में खरसिया विधायक उमेश नंदकुमार पटेल एवं साहू समाज के जिला अध्यक्ष महेश साहू एवं उनके परम मित्र कन्हैया पटेल, प्रद्युमन पटेल राकेश पटेल, लक्ष्मी पटेल, राजू नायक बिट्टू बंजारा व दर्जनों पत्रकार साथी, शूभ चिंतक रिश्तेदार एवं सैकड़ो की तादाद में गाँव वाले शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। गोपाल नायक मिलनसार और धार्मिक प्रवृत्ति के इंसान थे राजनीति हो या पत्रकारिता हर क्षेत्र के लोग इनको पसंद किया करते थे। इनके निधन के समाचार से इनके ग्रह ग्राम सहित छेत्र में शोक व्याप्त है। पत्रकार राजेश शर्मा, नैना वैष्णव, गोपाल शर्मा, टंकेशवर राठौर, कैलाश शर्मा और प्रहलाद बंसल, जगदीश मित्तल, विद्या चौहान, किशोर चौहान सहित सभी पत्रकारों ने अपने पत्रकार साथी के दुःखद निधन पर गहन दुःख जताते हुए कहा गोपाल नायक के निधन से हमे गहरा आघात लगा है इनके निधन की भरपाई नही की जा सकती ईश्वर से कामना है इनके परिवारजनों को इस दुःख की घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करें।

### टाटानगर-इतवारी समेत कई ट्रेनें अलग-अलग तारीखों में रहेंगी रद्द

# रेलवे ने जारी किया मेगा ब्लॉक का शेड्यूल 24 नवंबर से 15 जनवरी तक पड़ेगा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में ट्रैक नवीनीकरण के लिए प्रस्तावित मेगा ब्लॉक का असर छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के परिचालन पर पड़ेगा। 24 नवंबर 2026 से 15 जनवरी 2027 तक सीनी-राजखरसावां सेक्शन की अप और डाउन लाइन पर ट्रैक रिन्यूअल का काम किया जाएगा। इसके चलते अलग-अलग तारीखों में कई ट्रेनों को रद्द करने के साथ कुछ ट्रेनों का मार्ग भी बदला गया है।

रेलवे के इस ब्लॉक का सीधा असर छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र, झारखंड और ओडिशा के बीच सफर करने वाले यात्रियों पर पड़ेगा। बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, इतवारी, गोंदिया, नागपुर, टाटानगर, पुणे और संतरागाछी की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों को टिकट बुक करने या यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति जरूर जांचने की सलाह दी गई है। नवंबर में 24 और 27 नवंबर को 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसके अलावा 23, 25, 28 और 30 नवंबर को नांदेड़-संतरागाछी, संतरागाछी-नांदेड़ तथा संतरागाछी-पुणे और पुणे-संतरागाछी हमसफर जैसी ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। दिसंबर में भी अलग-अलग तारीखों पर कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। 1, 4, 5, 7, 8, 9, 11, 12, 14, 15, 16, 18, 19, 21, 22, 23, 25, 26, 28, 29 और 30 दिसंबर को ट्रेनों के रद्द या प्रभावित होने का असर यात्रियों पर पड़ेगा। खासतौर पर 25 दिसंबर को टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस के रद्द रहने से क्रिसमस के दौरान छत्तीसगढ़ और झारखंड के बीच यात्रा करने वालों को परेशानी हो सकती है। ट्रैक नवीनीकरण का असर जनवरी 2027 में भी रहेगा। 1, 2, 4, 5, 6, 8, 9, 11, 12, 13, 14 और 15 जनवरी को अलग-अलग ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। नए साल के दौरान यात्रा करने वाले यात्रियों को भी अपनी ट्रेन की स्थिति पहले जांचनी होगी।

#### दो ट्रेनों का बदला गया रूट

मेगा ब्लॉक के दौरान 18478 योग नगरी ऋषिकेश-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस निर्धारित तारीखों में ईब-झारसुगुड़ा रोड-संबलपुर सिटी-कटक होकर पुरी जाएगी। वहीं 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस कांद्रा-सीनी के परिवर्तित मार्ग से चलेगी और टाटानगर-गम्हरिया को छोड़कर दुर्ग पहुंचेगी। रेलवे के इस ट्रैक नवीनीकरण कार्य का उद्देश्य रेल लाइन को बेहतर और सुरक्षित बनाना है, लेकिन इस दौरान यात्रियों को यात्रा कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ सकता है। ऐसे में लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए ट्रेन की स्थिति पहले जांचना जरूरी होगा।

# छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा 4 अक्टूबर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- 84 केन्द्रों में शामिल होंगे 19092 हजार अभ्यर्थी

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा का आयोजन 4 अक्टूबर को किया जाएगा। जिला रायगढ़ में परीक्षा के लिए कुल 84 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 19 हजार 92 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 10 बजे से 11.15 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक होगी।

परीक्षा को सुचारू, व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। परीक्षा केन्द्रों में अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग सुरक्षा जांच के लिए एक पुरुष एवं एक महिला पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई जाएगी। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग केवल महिला पुलिसकर्मी द्वारा की जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से कम से कम दो घंटे पहले अपने परीक्षा केन्द्र पहुंचने की सलाह दी गई हैए ताकि फ्रिस्किंग एवं पहचान पत्र के सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। साथ ही परीक्षार्थियों से कहा गया है कि वे परीक्षा से एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अवलोकन अवश्य कर लें।

#### परीक्षा केन्द्र में इन वस्तुओं पर रहेगा प्रतिबंध

परीक्षा में हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आने के निर्देश दिए गए हैं। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी एवं गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनकर परीक्षा केन्द्र आने की अनुमति नहीं होगी। फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहनने की अनुमति होगी। कान में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना भी वर्जित रहेगा। कक्ष में किसी भी प्रकार के संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी सहित अन्य प्रतिबंधित सामग्री ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा।

# विद्यार्थियों ने नाटक और पोस्टरों से दिया साइबर सुरक्षा का संदेश

**कटेली।** सारंगढ़ विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा में पदस्थ प्रधान पाठक प्रियंका गोस्वामी के मार्गदर्शन में विद्यार्थी साइबर जागृति अभियान के तहत लोगों को ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रहे हैं। विद्यार्थियों ने नाटक, पोस्टर और संवाद के माध्यम से साइबर अपराध से बचाव के महत्वपूर्ण संदेश दिए।




बच्चे लोगों को समझा रहे हैं कि किसी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक का ओटीपी, पासवर्ड या पिन साझा नहीं करना चाहिए। सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर मिलने वाले लॉटरी, मुफ्त उपहार या संदिग्ध लिंक पर बिना जांचे क्लिक करने से बचने की सलाह भी दी जा रही है। विद्यार्थियों ने मोबाइल में गेम या अन्य एप डाउनलोड करते समय उसकी विश्वसनीयता जांचने तथा कैमरा, गैलरी और लोकेशन जैसे मोबाइल एक्सेस बिना आवश्यकता के किसी एप को नहीं देने के प्रति भी जागरूक किया। विद्यार्थियों ने बढ़ते 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे साइबर अपराधों से सावधान रहने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि अपराधी कई बार पुलिस या अन्य सरकारी अधिकारी बनकर लोगों को डराने का प्रयास करते हैं। ऐसे फर्जी कॉल और वीडियो कॉल पर विश्वास करने के बजाय सतर्क रहना जरूरी है। बच्चों ने साइबर धोखाधड़ी या ऑनलाइन ठगी का शिकार होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी भी साझा की। विद्यार्थियों की इस पहल की विकासखंड शिक्षा अधिकारी सोमा सिंह ठाकुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी एल.एन. पटेल ने सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। विद्यालय की इस गतिविधि से विद्यार्थियों के साथ-साथ आसपास के लोगों में भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

### फॉर्च्यून मैदा व जैन चुस्की चाय की बिक्री पर रोक

**रायगढ़।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और आम लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए फॉर्च्यून मैदा और जैन चुस्की चाय के संबंधित बैचों की बिक्री एवं वितरण पर तत्काल रोक लगा दी है। प्रयोगशाला जांच में दोनों उत्पादों में निर्धारित मानक से अधिक कीटनाशक अवशेष पाए जाने के बाद इन्हें असुरक्षित घोषित किया गया है। विभाग ने संबंधित खाद्य कारोबारियों को बाजार में उपलब्ध प्रभावित स्टॉक को तत्काल वापस मंगाने के निर्देश दिए हैं। कार्यालय उप संचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन की अभिहित अधिकारी सुधा चौधरी ने बताया कि यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा आयुक्त एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में की गई है। फॉर्च्यून मैदा का निर्माण मेसर्स अनिरुद्ध फूड लिमिटेड, ग्राम करवत, चंदौली, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया है। संबंधित उत्पाद का बैच नंबर है, जिसकी निर्माण तिथि 28 फरवरी और अवसान तिथि 27 अगस्त है।

# जनपद सदस्यों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, न्याय की मांग

**कोसीर।** जनपद पंचायत कोसीर में 23 सितंबर को आयोजित सामान्य सभा की बैठक को लेकर भाजपा समर्थित जनपद सदस्यों ने जिला कलेक्टर को लिखित आवेदन सौंपकर बैठक में अपनाई गई प्रक्रिया और विकास कार्यों के वितरण पर आपत्ति जताई है। सदस्यों ने 23 सितंबर को हुई सामान्य सभा की बैठक में पारित निर्णयों को निरस्त करने तथा उनके क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में विकास कार्य स्वीकृत करने की मांग की है।



शिकायत में जनपद सदस्यों ने आरोप लगाया है कि सामान्य सभा की बैठक की जानकारी विधिवत रूप से उपलब्ध कराने के बजाय केवल व्हाट्सऐप के माध्यम से दी गई। सदस्यों का कहना है कि इससे पूर्व भी जनपद पंचायत की अन्य बैठकों की सूचना विधिवत नहीं दिए जाने को लेकर तत्कालीन जिला अधिकारी से शिकायत की जा चुकी है। सदस्यों के अनुसार, बैठक में विकास कार्यों के लिए 16वें वित्त की करीब 1 करोड़ 51 लाख रुपये की राशि से संबंधित प्रस्तावों पर चर्चा हुई, लेकिन भाजपा समर्थित जनपद सदस्यों के क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए कोई राशि स्वीकृत नहीं की गई। उनका दावा है कि इससे उनके क्षेत्र की करीब 50 ग्राम पंचायतों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि सामान्य सभा की बैठक के दौरान प्रस्तावों की प्रति सदस्यों को उपलब्ध नहीं कराई गई। बैठक में कुछ प्रस्तावों पर सदस्यों द्वारा आपत्ति दर्ज कराए जाने के बावजूद उपस्थिति पंजी में उनके हस्ताक्षर नहीं कराए गए। सदस्यों ने इसे उनके साथ भेदभाव और उपेक्षा का मामला बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। भाजपा समर्थित जनपद सदस्यों ने कलेक्टर से मांग की है कि 23 सितंबर को आयोजित सामान्य सभा की बैठक में पारित निर्णयों की जांच कर उन्हें निरस्त किया जाए, उनके क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को स्वीकृति दी जाए तथा जनपद सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों को आगामी बैठक की कार्यवाही में शामिल किया जाए। सदस्यों ने जनपद अधिकारी पर भाजपा समर्थित सदस्यों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए मामले में उचित कार्रवाई और न्याय की मांग की है।

# सेवा सेतु अभियान के तहत वार्डवार शिविरों का होगा आयोजन

**रायगढ़।** नगर पालिक निगम रायगढ़ द्वारा सेवा ही संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न वार्डों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से संबंधित वार्डों के नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं निगम से संबंधित सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। सभी शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होंगे।

अभियान के तहत 29 सितंबर को गोशालापारा सामुदायिक भवन में शिविर आयोजित किया जाएगाए जिसमें वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 14, 15, 39, 40, 43, 44 एवं 45 के नागरिक शामिल होंगे। इसी क्रम में 1 अक्टूबर को चांदमारी मंगल भवन में आयोजित शिविर में वार्ड क्रमांक 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13 एवं 46 के नागरिकों को सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। 6 अक्टूबर को विनोबा नगर सामुदायिक भवन में आयोजित शिविर में वार्ड क्रमांक 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 47 एवं 48 के नागरिक शामिल होंगे। 8 अक्टूबर को गांधी नगर सामुदायिक भवन में आयोजित शिविर में वार्ड क्रमांक 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 41 एवं 42 के नागरिकों को लाभ मिलेगा। वहीं 12 अक्टूबर को नगर निगम कार्यालय परिसर में आयोजित शिविर में वार्ड क्रमांक 16, 17, 18, 19, 20, 29 एवं 30 के नागरिक शामिल होंगे। निगम प्रशासन द्वारा संबंधित वार्डों के नागरिकों से निर्धारित तिथि स्थान एवं समय पर शिविर में उपस्थित होकर सेवा सेतु अभियान का लाभ उठाने तथा शासन की विभिन्न योजनाओं एवं निगम की सेवाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं सुविधाएं प्राप्त करने की अपील की है।

# खेत में पहुंचकर कलेक्टर ने देखा डिजिटल क्रॉप सर्वे का काम

- शत-प्रतिशत, पारदर्शी व त्रुटिरहित ई-गिरदावरी सुनिश्चित करने के निर्देश

**रायगढ़।** तहसील पुसौर के ग्राम झारमुड़ा में डिजिटल क्रॉप सर्वे फेस.1 के तहत चल रहे फसल सर्वेक्षण कार्य का कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने खेत में पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वेयर एवं हल्का पटवारी द्वारा की जा रही ई गिरदावरी की प्रक्रिया देखी तथा कार्य की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने शत प्रतिशत, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित सर्वे सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही खेत, मेड़, तालाब, पड़ती भूमि और विभिन्न फसलों का सही चिन्हांकन करते हुए फसल के वास्तविक रकबे को दर्ज करने पर जोर दिया।



कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सर्वे कार्य को गुणवत्तापूर्वक पूरा कराने के निर्देश दिए। बता दे कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत सर्वेयर खेत में पहुंचकर फसल एवं भूमि का विवरण एप के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज कर रहे हैं। इसमें फसल एवं खेत की फोटो भी अपलोड की जा रही है। दर्ज जानकारी का पटवारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सत्यापन किया जाएगा। इस प्रक्रिया से प्रत्येक खेत में बोई गई फसल और उसके रकबे का व्यवस्थित डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होगा। डिजिटल क्रॉप सर्वे से जिले में फसल क्षेत्र एवं उत्पादन संबंधी अद्यतन आंकड़े उपलब्ध होंगे, जिनका उपयोग फसल बीमा, क्षति आकलन, कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन और आगामी धान खरीदी की बेहतर योजना बनाने में किया जा सकेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे, एसडीएम रायगढ़ महेश शर्मा, तहसीलदार पुसौर श्रीमती अनुराधा पटेल सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छर्राटांगर में दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**घरघोड़ा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, छर्राटांगर में आयोजित दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2026 का उत्साह और उमंग के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता में क्षेत्र के 8 एकलव्य विद्यालयोंकृछर्रा टांगर, धरमजयगढ़, लैलूंगा, छोटे मुड़पार,पलाड़ी खुर्द, डुडरूगढ़, बंधवालोरमी और फरसाबाद के 300 से अधिक छात्र छात्राओं ने विभिन्न खेल विधाओं में प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, खेल भावना, अनुशासन और मेहनत का शानदार प्रदर्शन किया। छर्राटांगर के 20 प्रतिभागियों में से 19 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। चयनित खिलाड़ियों में बास्केटबॉल से नताशा राठिया, देवयानी सिदार एवं किरण अगरियाय फुटबॉल से दीपिका



सिदार, सुनैना राठिया, हेमवती राठिया,निशिता तिर्की, लोचना राठिया, पायल राठिया, शिवरात्रि राठिया, भूमिमका राठिया, बबली सिदार, प्रज्ञा सिदार, हेमलता राठिया एवं आरती राठिया शामिल हैं। वहीं टेबल टेनिस में गुंजा सिदार, एथलेटिक्स में केशर राठिया एवं प्रीति भुईहर तथा योगा में गुंजा सिदार का चयन हुआ। समापन अवसर पर रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही जिला एवं ब्लॉक स्तर के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। सांसद राठिया ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कार्यक्रम

# 130 छात्रों ने लिया प्रतियोगिता में हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मिलूपारा के मिडिल और हाई स्कूल में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता से स्वच्छता का अनूठा संदेश दिया। अदाणी फाउंडेशन की ओर से आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में लगभग 130 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। बच्चों ने पोस्टर पेंटिंग, स्लोगन लेखन और विशेष रूप से कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता के जरिए पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक किया।

प्रतियोगिताओं से पहले बच्चों को खास मार्गदर्शन भी दिया गया था, जिससे उन्होंने बेकार पड़ी चीजों से बेहद खूबसूरत और संदेशपरक मॉडल तैयार किए। इस मौके पर ग्राम पंचायत के सरपंच उद्धव भगत और उपसरपंच सीताराम चौधरी उपस्थित रहे। स्कूल की प्राचार्या श्रीमती इलिसबा लकड़ा के साथ ही विद्यालय के शिक्षक वासुदेव प्रधान, जयराम सिदार, मीना पटेल,बलदेव राठिया, प्रतिभा यादव, ललिता भोई, चंपावती सिदार और कौशिल्या सिदार ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में अदाणी समूह की ओर से साइट हेड, पर्यावरण विभाग के प्रमुख और सीएसआर की टीम भी शामिल हुई। इन सबने युवाओं को स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत बनाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को कार्यक्रम के अंत में पुरस्कृत किया गया। कबाड़ से जुगाड़ स्पर्धा में दसवीं की मीनू गुप्ता ने पहला, किन्जल लहरे ने दूसरा और रीमा गुप्ता ने तीसरा स्थान हासिल किया। स्लोगन लेखन में आठवीं की रीमा गुप्ता प्रथम, सुमन कलंगा द्वितीय और सविता प्रजापति तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं, पोस्टर पेंटिंग में आठवीं की सोहद्रा प्रधान ने बाजी मारते हुए पहला स्थान पाया, जबकि अंजू सिदार दूसरे और पिंकी राठिया तीसरे स्थान पर रहीं।

**श्रम यशस्वी पुरस्कार हेतु आवेदन**

रायगढ़। स्व रामानुज प्रताप सिंह देव स्मृति श्रम पुरस्कार वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह सितंबर 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह सितंबर 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अक्टूबर 2026 तक जमा करें।
प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

